न्यायालय अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त
जोधपुर

| पेशी | हुक्म या कार्यवाही, मय इनिशियन्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म को तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | रा. अपील स. 90/2022 अनुराधा बनाम जगताराम | |
| 24/5/24 | पक्षकारो के अधिवक्ता उपस्थित है। पीठासीन अधिकारी महोदय अन्य कार्यो मे व्यस्त है। पत्रावली आयन्दा सुनवाई / बहस हेतु दिनांक 29/7/24 को पेश हो ।<br>रीडर<br>न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त<br>जोधपुर | |
| 29/7/2024 | पक्षकारो के अधिवक्ता उपस्थित है। पीठासीन अधिकारी महोदय अन्य कार्यो मे व्यस्त है। पत्रावली आयन्दा सुनवाई / बहस हेतु दिनांक 22/10/24 को पेश हो ।<br>रीडर<br>न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त<br>जोधपुर | |
| 11/9/24 | पत्रावली वकील अपीलांट द्वारा आज दिनांक को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली आज ही तलब कर, अपील जरिये विड्रोल खारिज करने के कम में तारीख पेशी पर ली गई। प्रार्थना पत्र के साथ अधिवक्ता श्री दलपतसिंह राठौड़ व उम्मेदसिंह बावरला का वकालतनामा प्रस्तुत किया गया।<br>वकील अपीलांट उपस्थित, इनके द्वारा उक्त प्रार्थना में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह निवेदन किया कि प्रकरण में पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। इसलिए अपीलांट उक्त अपील को आगे नही चलाना चाहती है तथा अपील इसी स्तर पर जरिये विड्रोल खारिज करवाना चाहती है। प्रार्थना पत्र पर अंकित अपीलांट– अनुराधा के हस्ताक्षर की पहचान उनके अधिवक्ताओं द्वारा की गई।<br>अतः वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलान्ट की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे व अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया।<br>**(अजीत सिंह राजावत)**<br>अतिरिक्त संभागीय आयुक्त<br>जोधपुर | |